## एक नजर में

### सोंधिया समाज का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**ब्यावरा 09 अगस्त, का.** अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत महासभा का दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर ब्यावरा में संपन्न हुआ. शिविर में जिलेभर से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं महिला शक्ति ने सहभागिता की. समाज के मार्गदर्शन मंडल के सदस्य उदय सिंह चौहान झिरी एवं सामाजिक पदाधिकारियों ने भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजन एवं आरती की. संगठन एवं कार्यकर्ता क्या है विषय पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री लक्ष्मीनारायण चौहान ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन रविवार को राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, सोंधिया समाज के जिला अध्यक्ष नारायण सिंह सालरियाखेड़ी एवं जिला युवा अध्यक्ष ईश्वर सिंह तोमर ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया. वक्ताओं ने समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास की बात दोहराई. प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में संगठन के प्रति जिम्मेदारी, सेवा भावना, अनुशासन एवं सामाजिक सरोकारों को और अधिक मजबूत करने का संदेश दिया गया.

### एकादशी पर नगर-ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में गूंजे भजन-कीर्तन

**पड़ाना 09 अगस्त, सं.** एकादशी पर्व पर रविवार को नगर सहित ग्रामीण अंचलों के मंदिरों में आस्था और उल्लास का माहौल रहा. सुबह से ही महिलाओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर समूहों में भजन-कीर्तन किया. इस दौरान नरसिंह मंदिर, नर्मदेश्वर मंदिर, श्री कृष्ण मंदिर, श्री राम मंदिर, शीतला माता चौराहा स्थित श्री राम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही. पुजारियों ने भगवान विष्णु के कामिनी स्वरूप की विशेष पूजा कराई और एकादशी की कथा सुनाई. महिलाओं ने पीले वस्त्र पहनकर तुलसी, पीले पुष्प और प्रसाद अर्पित किए.पड़ाना, मगराना, बरूखेड़ी और आशारेटा गांवों के मंदिरों में भी विशेष रौनक देखने को मिली. यहां महिला मंडलों ने ढोल-मंजीरे के साथ सामूहिक भजन-कीर्तन किया. गांवों में हवन, कथा वाचन और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम हुए. व्रतधारी महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर शाम को ब्राह्मणों को अन्न-वस्त्र का दान किया. धार्मिक मान्यता है कि कामिनी एकादशी पर व्रत रखने से पापों का नाश और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. इसी आस्था के चलते श्रद्धालु मंदिर पहुंचे. मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और बैठने की व्यवस्था की गई. शाम को सभी स्थानों पर दीप जलाकर सामूहिक आरती के साथ पर्व का समापन हुआ.

### 15 किमी पैदल चले श्रद्धालु

**राजगढ़ 09 अगस्त, का.** रविवार को पहली बार माचलपुर में बड़ी कावड़ यात्रा निकाली गई. यात्रा ग्राम धानोदा से शुरू हुई. कावडिए कालीसिंध नदी से जल लेकर 15 किमी पैदल चले. माचलपुर के प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया. यात्रा सुबह करीब 11 बजे धानोदा से शुरू हुई. यहां कावड़ियों ने कालीसिंध नदी से जल भरकर सभी माचलपुर के लिए रवाना हुए.

# विस में दावा : बस स्टैण्ड पर कोई परेशानी नहीं है

## राजगढ़ विधायक के सवाल पर मंत्री का जवाब, जिला मुख्यालय बस स्टैण्ड समस्या विहीन है

**जमीनी हकीकत में हाइवे पर रुक रहीं बसें, हर पल हादसे का खतरा**
**मंत्री के जवाब में व्यवस्था संतोषजनक बताई गई, लेकिन राजगढ़ बस स्टैण्ड पर अतिक्रमण**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 अगस्त, का. मध्यप्रदेश विधानसभा में राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव के तारांकित प्रश्न के जवाब में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जिला मुख्यालय के बस स्टैंड पर बसों के रुकने तथा यात्रियों के चढ़ने-उतरने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं है और यात्री प्रतीक्षालय का उपयोग भी नियमित रूप से किया जाता है. जबकि विधानसभा में दिया गया यह जवाब राजगढ़ बस स्टैंड की मौजूदा स्थिति से बिल्कुल भी मेल नहीं खाता.**

जिला मुख्यालय के बस स्टैंड पर व्यवस्था पूरी तरह शिथिल नजर आती है. अधिकांश लंबी दूरी की बसें बस स्टैंड के भीतर प्रवेश ही नहीं करतीं, बल्कि सीधे हाईवे किनारे रुककर यात्रियों को बैठाती और उतारती हैं. केवल कुछ छोटे रूट की बसें ही बस स्टैंड के अंदर पहुंचती हैं. बस स्टैंड परिसर में ऑटो, टैक्सी, निजी वाहन, लोडिंग वाहन और कई बार एम्बुलेंस तक बेतरतीब तरीके से खड़ी रहती हैं. इससे बसों के संचालन और यात्रियों की आवाजाही दोनों प्रभावित होती हैं. प्रवेश मार्ग से लेकर पूरे बस स्टैंड परिसर तक स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण फैला हुआ है, जिससे यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है.

### प्रतीक्षालय में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय का उद्देश्य यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सुरक्षित बैठने की सुविधा देना था, लेकिन वर्तमान में यहां अक्सर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है. यदि सभी बसों का संचालन नियमित रूप से बस स्टैंड के अंदर से कराया जाए, तो यात्रियों की आवाजाही बढ़ेगी, प्रतीक्षालय का वास्तविक उपयोग होगा, असामाजिक गतिविधियों पर स्वतः अंकुश लगेगा और महिलाओं को भी अधिक सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा.

### अतिक्रमण ने बिगाड़ी बस स्टैंड की व्यवस्था

बस स्टैंड के मुख्य प्रवेश मार्ग सहित पूरे परिसर में स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण फैला हुआ है ।इस से भी ज्यादा ऑटो, ठेले, निजी-टेक्सी वाहन और अन्य कब्जों के कारण बसों के सुचारू संचालन में बाधा आती है. लंबे समय से इस समस्या के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है. अब सवाल यह है कि जब विधानसभा में सरकार बस स्टैंड पर किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने का दावा कर रही है, तो फिर राजगढ़ के नागरिकों और यात्रियों को रोजाना दिखाई देने वाली यह अव्यवस्था आखिर किसकी जिम्मेदारी है.

### हाईवे पर रुकती बसें, हर समय हादसे का खतरा

नगर के बस स्टैंड की सबसे बड़ी समस्या यह है कि अधिकांश यात्री बसें परिसर में आने के बजाय हाईवे पर ही रुकती हैं. यात्री सड़क किनारे ही बसों में चढ़ते और उतरते हैं. तेज रफ्तार वाहनों के बीच यह स्थिति हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका बनाए रखती है.




### ताखला महादेव मंदिर में योग साधकों का आयोजन

**छापीहेड़ा 09 अगस्त, सं.** ताखला महादेव मंदिर के प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में नियमित योग कक्षा के योग साधकों द्वारा विशेष आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान बालचंद गुर्जर द्वारा 'मधुसूदनी जो शुगर पेशेंट के लिए उपयोगी होता है उस पौधे' की पत्तियों का खाने के लिए सभी को वितरण किया . इसके पश्चात साधकों ने प्रकृति की गोद में बहते झरने के निर्मल जल में स्नान कर प्राकृतिक वातावरण का आनंद लिया. अल्पाहार के बाद जिला स्तरीय योग बैठक आयोजित हुई, जिसमें योग के प्रचार-प्रसार, युवाओं को योग से जोड़ने तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर सार्थक चर्चा हुई. बैठक में संतराम आर्य, भगवान सिंह कारपेंटर, बालचंद दांगी, मुस्तफा भाई बोहरा, चौहान जी, भगवत सिंह परमार, बसंत कुमार नागर, डॉ. प्रद्युम्न रॉय, मनीष भंडारी, अशोक गुप्ता, जितेंद्र सोनी, नरेंद्र सिंह सोनगरा, बालचंद गुर्जर, गोपाल सिंह एवं हर्षित चौहान सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे. धर्म और योग पर विचार रखते हुए संतराम आर्य ने अच्छे कार्यों को जीवन में अपनाने को ही सच्चे धर्म का पालन बताया. डॉ. प्रद्युम्न रॉय ने युवाओं को मोबाइल एवं डिजिटल साधनों की व्यस्तता से निकालकर योग,से जोड़ने पर जोर दिया.

# राखी से पहले वेतन की शर्त पर हड़ताल समाप्त

## चार दिनों से चल रही सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 09 अगस्त, सं. वेतन भुगतान की मांग को लेकर नगर परिषद सुठालिया के सफाई कर्मियों की गुरुवार से शुरू हुई काम बंद हड़ताल रविवार शाम को समाप्त हो गई.**

उल्लेखनीय है कि सफाई कर्मियों ने तीन अगस्त को आवेदन देकर 5 अगस्त से हड़ताल की चेतावनी दी थी. मांग पूरी न होने पर 6 अगस्त से सभी 77 सफाई कर्मी काम बंद कर हड़ताल पर चले गए थे. हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई थी. हालांकि नप द्वारा कचरा गाड़ियां चलाई जा रही थी लेकिन रविवार को सफाई कर्मियों ने गाड़ी नहीं चलने दी इसके चलते मुख्य चौराहे पर दुकानों के बाहर व गली मोहल्लों में कचरा जमा हो गया था. शनिवार को नगर परिषद के सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती के आश्वाशन पर सफाई कर्मी नही माने थे. सीएमओ ने बताया कि सफाई मित्रों को लिखित आश्वासन दिया गया था कि 7 अगस्त को एक माह का वेतन खाते में डाल दिया. आश्वासन के अनुसार शुक्रवार शाम को सभी कर्मचारियों के खाते में एक माह का वेतन ट्रांसफर कर दिया गया है. वही सभी सफाई कर्मियों को आश्वस्त किया था की रक्षा बंधन के पांच दिन पूर्व एक माह का ओर वेतन देंगे लेकिन वे नहीं माने. रविवार शाम को प्रभारी तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने सभी सफाई कर्मियों से बात की और रक्षा बंधन के पूर्व एक माह का और वेतन देने की बात कही तब सफाई कर्मी राजी हुए. इस दौरान सभी कर्मचारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया.

### अधिकांश निकायों में हालत खराब

वेतन की समस्या और संकट अकेले सुठालिया में नहीं है. अधिकांश निकायों में इन दिनों वेतन को लेकर संकट और संशय बना हुआ है. एक प्रकार से जिले में रोश्टर सिस्टम काम कर रहा है जिसमें कर्मचारियों को बारी-बारी से महीने छोड़कर वेतन दिया जा रहा है. ब्यावरा नगर पालिका में बीते एक वर्ष में कर्मचारी दो बार हड़ताल कर चुके है. दीपावली के पूर्व और गर्मियों के दिनों में. ऐसे में इसका स्थाई हल निकालने की जरूरत है.

### उप निरीक्षक बनने पर गायत्री परिवार द्वारा स्वागत

**पचोर 09 अगस्त, सं.** इंदौर के खजराना थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ मोहित नागर का मध्य प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर चयन होने से नगर वासियों में खुशी की लहर है. इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक देवेन्द्र सुल्तानिया गाँव के निवासी स्थाई रूप से पचोर रहतें है. उनके सुपुत्र मोहित नागर का उप निरीक्षक के पद पर चयन होने पर मोहित सहित माता पिता को शुभकामनायें प्रदान कर उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दी.

# जय भोलेनाथ के घोष से निकाली विशाल कांवड़ यात्रा

नवभारत न्यूज

**तलेन 09 अगस्त, सं.** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम मिर्जापुर वासियों द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया. रविवार एकादशी के दिन हनुमंतेश्वर महादेव मंदिर से जल भरकर ग्राम मिर्जापुर वासियो द्वारा डीजे व डोल के साथ कांवड़ यात्रा शुरू हुई. जो तलेन कछीपुरा होते हुए शिव मंदिर बारवाखुर्रम पहुंची. जहाँ भगवान भोलनाथ को कांवड़ का



जल अर्पण कर भगवान शिव का अभिषेक व महा आरती की गयी. कांवड़ यात्रा का पशु पति नाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष विनोद यादव भोई मोहल्ला, कैलाश मोहन यादव, चंदर सिंह यादव, लक्ष्मी नारायण यादव द्वारा एवं बारवा खुरम गांव मे फल खिचड़ी चाय फ्रूटी पिला कर भव्य स्वागत किया गया. वही इस यात्रा मे यात्रा सयोजक पंडित कमल किशोर शर्मा, बाबू लाल यादव, विक्रम सिंह यादव, देवकरण यादव, ब्रज मोहन यादव, अनोज यादव, मान सिंह यादव ,फौजी सरकार, दिनेश यादव, माखन सिंह यादव, शिवनारायण यादव ,सतीश यादव, जितमल यादव, गोविन्द यादव , दीपक यादव, धर्मेंद यादव , ध्यान सिंह यादव, संतोष यादव सहित सेकडों की संख्या मे ग्रामवासी व माता- बहने शामिल हुई.




# हथकरघा दिवस पर हैण्डक्रॉफ्ट परिधान पहने सखी क्लब ने

## सखी क्लब ने भारतीय बुनाई परंपरा और बुनकरों के सम्मान को समर्पित किया विशेष आयोजन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 अगस्त, का.** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर रविवार को सखी क्लब द्वारा नवनिर्वाचित सदस्यों के स्वागत के साथ विशेष आयोजन 'सखी संगम' आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सखी क्लब की महिलाएं देश के विभिन्न राज्यों की हथकरघा कला एवं परंपरा को प्रदर्शित करती आकर्षक साड़ियों और सूटों में शामिल हुईं.

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि महिलाओं ने केवल हथकरघा परिधान पहनकर दिवस नहीं मनाया, बल्कि विभिन्न गतिविधियों और खेलों के माध्यम से देश की समृद्ध बुनाई परंपरा की जानकारी भी प्राप्त की. खेल के दौरान महिलाओं से विभिन्न राज्यों की प्रसिद्ध साड़ियों एवं हथकरघा वस्त्रों से जुड़े सवाल पूछे गए, जिससे कार्यक्रम मनोरंजक होने के साथ ज्ञानवर्धक भी रहा. इस अवसर पर सखी क्लब की आगामी गतिविधियों और महिला सदस्यों को आपस में जोड़ने वाली विभिन्न पहलों पर भी चर्चा की गई. क्लब का उद्देश्य महिलाओं को ऐसा सकारात्मक मंच उपलब्ध कराना है. जहां वे एक-दूसरे से जुड़कर नई चीजें सीखें, अपनी प्रतिभाओं को साझा करें तथा सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी निभाएं.कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय हथकरघा परंपरा, स्थानीय एवं देशभर के बुनकरों के सम्मान तथा स्वदेशी वस्त्रों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया.

# ब्लॉक स्तरीय हैंडबॉल में नरसिंहगढ़ पहुंचेंगे शहर के खिलाड़ी



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 09 अगस्त, का.** मानस हायर सेकेंडरी स्कूल में ब्लॉक स्तरीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कियाग गया. जिसमें नगर के मानस स्कूल, ब्यावरा पब्लिक स्कूल, सांदीपनि विद्यालय, ज्योति कॉन्वेंट सहित सभी टीमों ने भाग लिया. बालिका वर्ग में तीनों वर्ग में मानस स्कूल विजेता रहा. ब्यावरा पब्लिक उपविजेता रहा. वही बालक वर्ग में ज्योति कॉन्वेंट विजेता ओर मानस स्कूल उपविजेता रहे. प्रतियोगिता में मानस स्कूल के प्राचार्य आरएस राजपूत संगठन सचिव देवेंद्र सक्सेना, चंदा खान, विद्या चौहान, आमीन खान, निकिता जोशी, रेखा गायकवाड़ सहित सभी व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे. इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 11 अगस्त को जिला स्तर पर नरसिंहगढ़ में ब्यावरा ब्लॉक की ओर से भाग लेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे.



# 24 सालों में लगातार पौधारोपण से बदली भैंसाटोली पहाड़ी

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 09 अगस्त, सं.** प्रकृति संरक्षण परिवार,आकाश एवं जय ओमकार भिलाला समाज संगठन ने घोषित विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रेस्ट हाउस भैंसाटोल पहाड़ी पर पूर्व वर्ष की तरह पलास (खाखरा) के पौधे व पलाश के बीजों के साथ-साथ नीम जामुन बेलपत्र बहेड़ा सीताफल आदि की बीज रोपित किए गए. प्रकृति संरक्षण परिवार के संस्थापक व आकाश प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम भिलाला द्वारा बताया गया है कि यह पलास के पौधे लगाने की प्रेरणा नरसिहगढ़ मे पदस्थ पूर्व एसडीएम सिद्धार्थ जैन (ढ्रस) से प्राप्त कर वर्ष 2019 से 2029 पलास अभियान के तहत इस पहाड़ी पर पलास लगाये जा रहे हैं. जो की आज पिछले 7 वर्षो में पहाड़ी पर बहुतायत की मात्रा में 5 से 10 फीट के दिखाई देने लगे हैं निश्चित रूप से 2029 तक यह पेड बड़े-बड़े होकर इनमें मार्च माह में केसरिया फूल खिलने लगेंगे. आज पौधारोपण में दिनेश भिलाला,दुलीचंद भिलाला, पप्पू सहरिया जयपाल सिंह हाडा, रवि बाधवी, विकास मालोनिया, राजेश भिलाला, अंश भिलाला, गौरी भिलाला,दिनेश भिलाला, यति भिलाला, सौम्या भिलाला आदि द्वारा खोद खोदकर बीज व पौधे रोपित किए गए. वर्ष 2002 में इस पहाड़ी पर नीम की निम्बोली रोपित किए जाने से आज हजारों की संख्या में नीम के वृहद आकार में वृक्ष दिखाई दे रहें हैं.

### जिलाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

**खिलचीपुर 09 अगस्त, सं.** नरसिंहजी भगवान मंदिर परिसर में सामाजजनों ने द्वारा जिला अध्यक्ष पांचूलाल मालवीय का जन्मदिन मनाया गया. उनका उद्देश्य जीवन का असली अर्थ दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाना और समाज के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर देना है. ऐसे ही प्रेरणादायी व्यक्तित्व के धनी, अभा मालवीय बलाई संगठन के जिला अध्यक्ष एवं सरपंच पांचूलाल मालवीय का जन्मदिवस को सभी ने बधाई दी. इस अवसर पर उपस्थित प्रभुलाल मालवीय, प्रवेश मालवीय, रमेश मालवीय, बद्रीलाल मालवीय, जगदीश मालवीय, दुर्गाप्रसाद मालवीय, बंशीलाल मालवीय, रामकिशन मालवीय आदि मौजूद रहे.

**आयोजन** — तिरंगे की शान, शहीदों को सलाम : बलराम कृषि महोत्सव पर गूंजा राष्ट्रभक्ति का संदेश

# घर-घर तिरंगा अभियान का आगाज, राष्ट्रीय ध्वज लहराए

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 09 अगस्त, का. बलराम कृषि महोत्सव के पावन अवसर पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं किसान भाइयों की सहभागिता में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया गया. आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के परिप्रेक्ष्य में आयोजित इस अभियान में सभी को राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया गया.**




### हर हाथ में तिरंगा, हर दिल में हिंदुस्तान

तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, स्वाभिमान और गौरव का प्रतीक है. तिरंगा अभियान देश के प्रति हमारे सामूहिक दायित्व और राष्ट्र के प्रति प्रेम को अभिव्यक्त करने का अवसर है। यह अभियान हमें उन वीरों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिनके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में गर्व के साथ जीवन जी रहे हैं। अभियान के दौरान सभी ने हाथों में तिरंगा थामकर ध्वज फहराया और राष्ट्गान 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन पर गर्व एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से अभिभूत हुए। भारत माता के जयघोष के साथ वातावरण देशप्रेम से ओत-प्रोत हो गया.

### वीर बलिदानियों को नमन, राष्ट्र के प्रति संकल्प

इस अवसर पर देश की स्वतंत्रता एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण कर नमन किया गया. उनके बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व राज्यमंत्री बद्री लाल यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण एवं किसान भाई उपस्थित रहे.

### तिरंगा रैली का आयोजन

**राजगढ़ 09 अगस्त, का.** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के आह्वान पर आगामी 12 अगस्त को संपूर्ण मध्य प्रदेश के जिला मुख्यालय पर विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में जिले में तिरंगा रैली को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला राजगढ़ की बैठक संयुक्त मोर्चा जिला पदाधिकारीयो, ब्लॉक पदाधिकारीयो की उपस्थिति में जनपद पंचायत परिसर मैं संपन्न हुई. उपस्थित संयुक्त मोर्चा संयोजक जिला अध्यक्ष गण ने अपने विचार रखते हुए मुख्य माँग की जो इसप्रकार है सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जावे.